प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांक : 05.01.2026 समय : 01:00 पी.एम.

....

राजस्थान डिजिफेस्ट टाई ग्लोबल समिट–2026 के दूसरे दिन आज वैश्विक नेतृत्व, नवाचार और पॉलिसी डायलॉग पर फोकस है। इस पर कई महत्वपूर्ण सत्रों का आयोजन किया जा रहा है, जिनमें मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव, पूर्व केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी और क्रिकेटर वीरेन्द्र सहवाग के सेशन्स भी शामिल है। इनमें नीति–निर्माताओं, वैश्विक उद्यमियों, निवेशकों और स्टार्टअप संस्थापकों के बीच उभरती प्रौद्योगिकियों और विभिन्न क्षेत्रों में एआई के विस्तार पर मंथन किया जा रहा है। प्रौद्योगिकी रचनात्मकता और सार्वजनिक नेतृत्व के संगम पर भी विशेष सत्र आयोजित होंगे। इसके साथ ही समिट में कल आईस्टार्ट इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ राजस्थान का शुभारम्भ हुआ। इसके तहत आज 19 फिल्मों की स्क्रीनिंग की जा रही है। वहीं फेस्टिवल में एआई, सिनेमेटोग्राफी और फिल्ममेकिंग तथा स्टोरी टेलिंग से जुडे पैनल डिस्कशन भी हो रहे है।

....

जयपुर में कल रीजनल एआई इम्पैक्ट कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया जायेगा। इसमें शासन सुधार, आर्थिक विकास और नवाचार तथा समावेशी प्रगति के क्षेत्र में आर्टिफिशियल इन्टेलीजेंस–एआई की भूमिका पर चर्चा की जायेगी। इस दौरान राज्य के एआई इको सिस्टम को मजबूत बनाने और नवाचारों को बढावा देने के लिए कई समझौता ज्ञापनों पर भी हस्ताक्षर होंगे। ये सम्मेलन इंडिया एआई इम्पेक्ट समिट 2026 से पहले आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की श्रृंखला का हिस्सा है। केन्द्रीय इलेक्ट्रोनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव, उद्योग राज्यमंत्री जितिन प्रसाद भी शामिल होंगे। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और सूचना और संचार मंत्री कर्नल राज्यवर्द्धन सिंह राठौड भी इसमें शिरकत करेंगे।

....

जयपुर में होने वाले सेना दिवस समारोह के उपलक्ष्य में पूर्व सैनिको के लिए मेगा मेडिकल कैम्प आयोजित किया जा रहा है। सैन्य अस्पताल में आज से शुरू हुए दो दिन के इस कैम्प में पूर्व सैनिकों को विश्वस्तरीय चिकित्सा सेवायें उपलब्ध करायी जा रही है। दक्षिण पश्चिमी कमान के आर्मी कमाण्डर लेफ्टिनेंट जनरल मनजिन्दर सिंह ने बताया कि शिविर में हड्डी और हृदय रोगों के उपचार और परामर्श पर विशेष फोकस किया गया है।

....

सेना दिवस के मौके पर राजधानी जयपुर इस बार एतिहासिक पलों का गवाह बनने जा रहा है। महल रोड़ पर आर्मी डे परेड का आयोजन होगा। इसके लिए जोर–शोर से तैयारियां की जा रही है। पूर्वाभ्यास को देखते हुए ट्रेफिक के वैकल्पिक रूट की व्यवस्था की गई है। ये पहला मौका है जब आर्मी डे परेड सैन्य छावनी सीमाओं से बाहर आयोजित की जा रही है।

....

जालोर जिले के आहोर क्षेत्र में बीती रात एक स्लीपर बस पलटने से तीन लोगों की मृत्यु हो गई और 12 यात्री घायल हो गए। हादसा अगवरी गांव और गुढाबालोतान के बीच हुआ। ये निजी बस सांचौर से करौली जा रही थी। उधर सीकर के रींगस में भी बीती रात सड़क दुर्घटना में तीन लोगों की मौत हो गई। ये हादसा रींगस खाटूश्याम जी रोड पर लाम्पुआ के पास दो वाहनों की आमने सामने की टक्कर से हुआ, जिसमें कार सवार युवकों की मौत हो गई और दो अन्य व्यक्ति घायल हो गए। वहीं पाली के सोजत में एक अज्ञात वाहन की टक्कर से मोटरसाईकिल सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया।

....

सिक्खों के दसवें गुरू गोबिंद सिंह जी का प्रकाश उत्सव आज मनाया जा रहा है। इस अवसर पर उनके धर्म की रक्षा के लिये किए गए योगदान को याद किया जा रहा है। प्रकाश उत्सव के मौके पर गुरूद्वारों में आकर्षक सजावट की गई है और कीर्तन दरबार लगाये जा रहे है। अटूट लंगर का भी आयोजन किया गया है।

....

उत्तर भारत से आ रही बर्फीली हवाओं के कारण राज्य में कडाके की सर्दी का दौर जारी है। वहीं घने कोहरे के कारण कई इलाकों में विजिबलिटी काफी कम हो गई। आज सीकर, चूरू, झुंझुनूं, भरतपुर, अलवर, अजमेर और

जयपुर में सुबह देर तक घना कोहरा छाया रहा। वहीं श्रीगंगानगर, पाली, सिरोही, अजमेर और सीकर में शीतलहर का प्रकोप है। मौसम केन्द्र जयपुर के अनुसार प्रदेश में अगले एक सप्ताह तक कडाके की सर्दी का अनुमान है। वहीं जयपुर संभाग में अगले तीन चार दिन कोल्ड वेव की संभावना है। बढती सर्दी और घने कोहरे को देखते हुए मौसम विभाग की ओर से लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है।

....